तापमान
अधिकतम 27.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि
रायपुर, सोमवार 25 अगस्त 2025

11 नशे में ड्राइविंग करने पर गाड़ियां जब्त, 6 हजार का...



12 30 करोड़ की लागत से सड़क का चौड़ीकरण...





**खबर संक्षेप**

### जंगल में अतिक्रमण रोकने उतरे अमला

**पिथौरा।** जिले के पिथौरा वनपरिक्षेत्रांतर्गत वन प्रबंधन समिति धरमपुर परिसर के माटीदरहा कक्ष क्रमांक 287 में अवैध अतिक्रमण की सूचना पर परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा दल-बल सहित मौके पर पहुंचे। उन्होंने जंगल का भ्रमण कर जांच की। बताया गया कि विवादित भूमि का मामला उच्च न्यायालय में विचाराधीन है, इसके बावजूद कुछ ग्रामीणों द्वारा पुनः अतिक्रमण किया जा रहा था। मौका जांच में ग्रामीणों को समझाइश दी गई और उपस्थित पंचों के समक्ष अतिक्रमण नहीं करने का शपथ-पत्र लिया गया। इस दौरान सैकड़ों ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से जंगल को बचाने और अतिक्रमण रोकने का संकल्प लिया।जांच कार्रवाई में प.स. सांकरा, प.स. बम्हनी, प.स. पूर्व पिथौरा सहित सल्डीही, बोईरडीह, भतकुंदा, जोगीदादर, बल्दीडीह और टिकरापारा के वनकर्मी एवं सुरक्षा चौकीदार बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**हादसा :** सड़क किनारे खड़े वाहनों पर बढ़ा आक्रोश

# सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई बाइक, दो की मौके पर ही मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

शनिवार रात नवागांव-नया रायपुर मार्ग पर एक भीषण सड़क हादसे में दो दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। यह दुर्घटना तब हुई जब एक तेज रफ्तार बाइक सड़क किनारे खड़े एक सरिया से भरे ट्रक से जा टकराई। इस घटना ने एक बार फिर रात के समय सड़कों पर बेतरतीब खड़े भारी वाहनों से पैदा होने वाले खतरे को उजागर कर दिया है।

रात करीब 9.30 बजे, नवा रायपुर की ओर से आ रही एक बाइक (क्रमांक का उल्लेख नहीं) सड़क किनारे खड़े एक ट्रक (क्रमांक सीजी 07 सीए 6425) के पिछले हिस्से से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार दोनों युवकों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान नवागांव (ल) निवासी डेमन साहू और जितेंद्र ध्रुव (दोनों की उम्र लगभग 40 वर्ष) के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, ट्रक में सरिया भरा हुआ था और वह बिना किसी चेतावनी संकेत के अंधेरे में सड़क किनारे खड़ा था। बाइक सवार संभवतः सामने से आ रहे वाहनों की चकाचौंध रोशनी के कारण ट्रक को देख नहीं पाए, और सीधे उससे जा भिड

हादसे की सूचना मिलते ही नवापारा पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची। दोनों शवों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चीरघर भेजा गया, जहां रविवार सुबह पोस्टमॉर्टम के बाद उन्हें परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच में जुट गई है।

**सड़क पर खड़े वाहन बने जान का खतरा**



यह कोई पहली घटना नहीं है, जब इस तरह की लापरवाही ने दो मासूम जिंदगियों को छीन लिया हो। नवापारा थाना क्षेत्र में रात के अंधेरे में सड़कों पर और सड़क किनारे बड़ी संख्या में ट्रक और हाइवा खड़े रहते हैं। इन वाहनों के चालक न तो अपना इंडिकेटर चालू करते हैं और न ही वाहन पर चमकने वाली रेडियम पट्टी लगाते हैं। दिन के उजाले में तो ये वाहन दिख जाते हैं, लेकिन रात में सामने से आती गाड़ियों की तेज रोशनी में इन्हें देखना लगभग नामुमकिन हो जाता है, जिससे ऐसे हादसे होते रहते हैं। इस दर्दनाक दुर्घटना के बाद मृतकों के परिजनों और नवागांव के ग्रामीणों में भारी आक्रोश है। उनकी मांग है कि प्रशासन ऐसे लापरवाह वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे और सड़कों पर अनधिकृत पार्किंग पर रोक लगाए, ताकि भविष्य में इस तरह के हादसों को रोका जा सके। यह घटना एक गंभीर चेतावनी है, जो सड़क सुरक्षा नियमों के सख्त पालन और अधिकारियों द्वारा प्रभावी निगरानी की आवश्यकता पर जोर देती है।

# भालू के हमले से ग्रामीण गंभीर रूप से हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद/रसेला

अंचल के ग्राम पंचायत मुडीपानी के आश्रित ग्राम कमारपारा में रविवार की सुबह दहशत भरी साबित हुई। रोज़ की तरह सुबह टहलने और शौच के लिए घर से निकले 48 वर्षीय धनेश कमार पिता मंगल पर अचानक जंगली भालू टूट पड़ा। घटना मलेवाडोंगर की तलहटी पर हुई, जहां धनेश का सामना अचानक भालू से हो गया। ग्रामीणों के अनुसार भालू ने उन पर लगातार हमला किया, जिससे धनेश गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर पड़े। धनेश की चीख-पुकार सुनते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डंडे-पत्थर मारकर किसी तरह भालू को खदेड़ने में सफल हुए। हमले में धनेश के शरीर पर गहरे घाव आए हैं और वह खून से लथपथ हो गए। आनन-फानन में परिजनों और गांववालों ने घायल को प्राथमिक उपचार दिलाने के बाद जिला अस्पताल भेजने की व्यवस्था की।



**गांव में फैली दहशत**

इस घटना के बाद से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ महीनों से क्षेत्र के जंगलों में जंगली जानवरों की आवाजाही बढ़ी है, जिससे लोगों की जान पर संकट मंडरा रहा है। खेतों और जंगल के किनारे बसे गांवों में महिलाएं-बच्चे भी अब अकेले बाहर निकलने से डर रहे हैं। घटना की सूचना तुरंत परसुली वन परिक्षेत्र के अधिकारियों को दी गई। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि क्षेत्र में वन विभाग की गश्त सिर्फ कागज़ों में होती है, जबकि असल में लोग जंगली जानवरों के हमले का सामना खुद करने पर मजबूर हैं।

**ग्रामीणों की मांग**

गांववालों ने वन विभाग से इलाके में लगातार गश्त करने, रात में चौकसी बढ़ाने और जरूरत पड़ने पर ट्रैंक्विलाइज़र टीम की तैनाती की मांग की है, ताकि इंसान और जंगली जानवर आमने-सामने न आएं।

# शासकीय जमीन का सौदा, आरोपी न्यायिक रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

शासकीय भूमि का सौदा कर कूटरचित दस्तावेजों के माध्यम से लाखों की धोखाधड़ी करने वाले आरोपी पुनाराम साहू उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम खोरपा, थाना अभनपुर को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। थाना अभनपुर में दर्ज अपराध क्रमांक 306/25, धारा 420, 120बी, 467, 468 भादवि के तहत आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार आवेदक जगन्नाथ विश्वकर्मा पिता आशाराम, निवासी बेलर, थाना अभनपुर द्वारा आरोपी के विरुद्ध अनुविभागीय दंडाधिकारी राजस्व कार्यालय अभनपुर को शिकायत दी गई थी, जिसकी जांच प्रतिवेदन के आधार पर पुलिस कार्रवाई की गई। बताया गया कि ग्राम बेलर, पटवारी हल्का नंबर 11 की खसरा नंबर 589, रकबा 1.510 हेक्टेयर भूमि, जो कि भूदान की शासकीय भूमि थी, उसे आरोपी पुनाराम साहू ने धोखाधड़ी कर अपने नाम पर क्रय करने की बात कही और राजस्व त्रुटि सुधार कराने का झांसा देकर संबंधित पक्षकारों से विक्रय अनुबंध कराया, बाद में आरोपी ने इस शासकीय भूमि को लखन साहू पिता फगुवा राम साहू, निवासी टाटीबंध रायपुर, को दिनांक 28.09.2023 को इकारनामा बनवाकर और 18.10.2023 को उनके परिजनों के नाम दो हिस्सों में रजिस्ट्री करवा दी। इस तरह आरोपी ने जालसाजी व कूटरचित दस्तावेजों के जरिए कुल 66,84,000 रुपये की धोखाधड़ी की। पुलिस द्वारा पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर 22 अगस्त को आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

# उफनते नदी-नालों में तीर कमान से मत्स्या खेत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पोला पर्व के मौके पर हो रही लगातार झमाझम बारिश से मैनपुर क्षेत्र के नदी-नाले उफान पर हैं। इन दिनों यहां के ग्रामीण, खासकर विशेष पिछड़ी जनजाति के कमार आदिवासी, मछली पकड़ने के अपने पारंपरिक तरीके, तीर-कमान का इस्तेमाल कर रहे हैं। सिकासार जलाशय के पास, जहाँ पानी का बहाव हमेशा बना रहता है, वहाँ सुबह से शाम तक कमार आदिवासी अपनी पुरानी परंपरा को जीवित रखते हुए मछली पकड़ते आसानी से देखे जा सकते हैं। उनका यह तरीका न केवल उनकी सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कैसे वे प्रकृति के साथ तालमेल बिठाकर जीवन जीते हैं। आज के समय में जब आधुनिक तरीकों का चलन बढ़ गया है, ऐसे में तीर-कमान से मछली पकड़ने का यह दृश्य लोगों को एक अलग ही अनुभव दे रहा है।





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

## खबर संक्षेप



### बारिश के बावजूद लोगों ने किया रक्तदान

रायपुर। सिकलसेल एवं थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए काश फाउण्डेशन द्वारा रमण मंदिर वार्ड फाफाडीह में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में बारिश के बावजूद लोगों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान में हिस्सा लिया। इस शिविर में नियमित कुछ पुराने डोनर के अलावा कुछ नए रक्तदाताओं ने भी रक्तदान किया। कार्यक्रम में मोवा स्थित जयदीप ब्लड बैंक टीम का सहयोग रहा।

### चंदखुरी में माता कौशल्या की हुई प्रथम आरती



रायपुर। चित्रोत्पला लोककला परिषद द्वारा माता कौशल्या संग तीजा तिहार का आयोजन चंदखुरी में किया जा रहा है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत शनिवार को माता कौशल्या की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा की गई एवं प्रथम आरती में दूधाधारी मठ के महंत राजेश्री रामसुंदर दास शामिल हुए। उन्होंने आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विभिन्न धार्मिक स्थानों में भी होने चाहिए। यह जानकारी परिषद के निदेशक राकेश तिवारी ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम में शोभा यादव, हेमलाल यादव, मनीष लदेर, पं. संतोष शर्मा, प्यारी वर्मा, इंदू वर्मा, धनीराम धीवर, आकाश वर्मा, जनकराम धीवर, पंचराम वर्मा, राधेश्याम साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### भारतीय स्टेट बैंक मनी चेस्ट ने चैंबर भवन में की चिल्हर वितरित

रायपुर। भारतीय स्टेट बैंक मनी चेस्ट बैरनबाजार रायपुर द्वारा विगत दिनों चैंबर भवन में व्यापारिक संघों को चिल्हर पैसे वितरित किए गए। चिल्हर की कमी से जूझ रहे व्यापारियों को इससे राहत मिली है। चैंबर के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष राधा किशन सुंदरानी ने कहा कि चिल्हर की उपलब्धता से दैनिक व्यापारिक गतिविधियों में आ रही बाधाएं दूर होंगी और ग्राहकों के साथ लेन-देन सुचारू हो पाएगा।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक की मौत

रायपुर। विधानसभा थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात डीआई योद्धा वाहन के खराब होने पर मरम्मत के दौरान आईचर वाहन की टक्कर से वाहन बना रहे दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए तथा मौके पर एक की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर आरोपी आइचर चालक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, डीआई योद्धा में रायपुर से सारंगढ़ ले जाने पुट्टी लोड की गई थी। रास्ते में गाड़ी का पिछला टायर फटने से वाहन चालक आशीष जोशी ने अपने दो साथी डागेश्वर मेश्राम तथा शिवशंकर लोधी को मदद करने बुलाया। इस दौरान पीछे से आ रहे आईचर सीजी 04 एमए 9838 के चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए डीआई को पीछे से टक्कर मार दी।आईचर की टक्कर से टायर बदल रहे डागेश्वर की मौके पर ही मौत हो गई। शिवशंकर के चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं। वहीं आशीष का पैर टूट गया।

### छत्तीसगढ़ी फिल्म मासूम का निर्माण जल्द

रायपुर। आकृति फिल्म हाउस सिने प्रेमी दर्शकों के लिए छत्तीसगढ़ी में लीक से हटकर छत्तीसगढ़ी सिनेमा की पहली सस्पेंस थ्रिलर क्राइम फिल्म बनाने जा रहा है। फिल्म का टाइटल मासूम रखने का ऐलान किया गया है। लेखक-निर्देशक सागर पंडा के निर्देशन में बनने वाली यह फिल्म दर्शकों को रहस्य और रोमांच का अहसास कराएगी। फिल्म का भव्य टाइटल लॉन्च शनिवार को राजधानी में आयोजित हुआ। इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक सागर पंडा ने बताया, उनकी यह फिल्म सिर्फ मनोरंजन तक ही सीमित नहीं रहेगी, बल्कि छत्तीसगढ़ी संस्कृति, समाज और मानवीय भावनाओं को नए सिरे से प्रस्तुत करेगी।

# विभाग ने बंद किया खरीदना, अब 25 लाख रुपए सालाना लाइसेंस फीस पर थोक भांग खरीदी का ठेका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में भांग की खरीदी करने के लिए आबकारी विभाग पहले निविदा जारी करता था। इसके तहत प्रति किलो 100 रुपए की दर से भांग दूसरे राज्य से विभाग खरीदी करता था, जिसे बाद में प्रदेश के लाइसेंसधारी दुकानों को उनकी मांग के अनुसार इसकी सप्लाई की जाती थी। यह सिस्टम सालों से चला आ रहा था, लेकिन अब इस सिस्टम में बदलाव किया गया है। नए सिस्टम के तहत अब विभाग भांग खरीदना बंद कर इसकी जगह थोक दुकानदार को इसका ठेका दे रहा है। इसके लिए सालाना फीस 25 लाख रुपए निर्धारित की है। चालू वर्ष में भांग खरीदी का जिसे ठेका मिला है, उसके द्वारा ही प्रदेश के अन्य लाइसेंसधारी दुकानों में इसकी सप्लाई भी की जा रही है।

## यह सिस्टम सालों से चला आ रहा था, लेकिन अब इसमें बदलाव

### पहले दुकानों को 350 रुपए किलो में उपलब्ध कराता था विभाग

विभाग पहले शासकीय चिल्हर भांग विक्रेताओं को 350 रुपए किलो की दर से भांग उपलब्ध कराता था। विभाग 153 रुपये 83 पैसे किलोग्राम की दर से भांग खरीदता था। इसमें ड्यूटी चार्ज 100 रुपए और परमिट फीस 200 रुपए मिलाकर कुल 350 रुपए में दुकानों को उपलब्ध कराता था, जिसे दुकानदार 12 सौ से 13 सौ रुपए में बेचा करते थे।



### 25 लाख सालाना लाइसेंस फीस पर दिया जा रहा ठेका

भांग की खरीदी विभाग ने बंद कर दी है। अब 25 लाख रुपए सालाना लाइसेंस फीस पर इसका ठेका एक दुकान को दिया जा रहा है। यह व्यवस्था पिछले दो साल से लागू है। चिल्हर दुकानदार अब थोक दुकानदार से भांग खरीद रहे हैं।

*- राजेश शर्मा, उपायुक्त, आबकारी विभाग रायपुर*

### तब से ढाई गुना कीमत बढ़ी

विभाग के पास स्टॉक खत्म होने के बाद वर्ष 2022 में मई से कुछ दुकानदारों ने अपने स्तर पर थोक में भांग खरीदना शुरू कर दिया। इसके बाद दुकानदारों ने भी भांग की कीमत मनमाने रूप से बढ़ा दी। विभाग जब तक खरीदी करता रहा, तब तक दुकानों में गीला एवं सूखा भांग किलो में 1200 रुपए एवं 1500 रुपए था, जो बाद में 3000 से 4000 रुपए किलो तक पहुंच गया है।

### विभाग की कमाई बढ़ी पर आम लोगों की कट रही जेब

इस नए सिस्टम से विभाग की कमाई बढ़ गई है। थोक दुकानदार से सालाना 25 लाख रुपए तथा प्रत्येक चिल्हर दुकान से 2 और 3 लाख रुपए की आय होने से विभाग की कमाई जरूर बढ़ा दी है, लेकिन इससे भांग के शौकीन लोगों को राहत नहीं मिली है, क्योंकि भांग की कीमत में कोई कमी नहीं आई है, बल्कि कीमत और बढ़ने की संभावना है।

### चिल्हर दुकानों के लिए 2 से 3 लाख सालाना लाइसेंस फीस

विभाग ने चिल्हर भांग दुकानों को लाइसेंस जारी करने के लिए भी नई दर लागू की है। इसके तहत सामान्य क्षेत्र के लिए सालाना दो लाख रुपए लाइसेंस फीस रखी है, वहीं अनुसूचित जाति, जनजाति क्षेत्र में संचालित दुकान के लिए 3 लाख रुपए सालाना फीस निर्धारित की है। इन चिल्हर दुकानदारों को थोक दुकानदार उनकी मांग के अनुसार भांग की सप्लाई कर रहे हैं।

### वर्ष 2020 से भांग खरीदना बंद

आबकारी विभाग ने आखिरी बार वर्ष 2019 में भांग की खरीदी की थी। इस वर्ष में प्रदेश में संचालित 12 लाइसेंसधारी दुकानों के लिए 12 हजार किलोग्राम भांग खरीदा गया था। इसके बाद विभाग ने भांग खरीदना बंद कर दिया। यह भांग करीब दो साल तक चला। विभाग के वेयर हाउस में रखे भांग को मांग के अनुसार दुकानों में भेजा जाता था, लेकिन इस बीच जब भांग का स्टॉक खत्म हो गया, तो कुछेक दुकानदारों ने अपने स्तर पर भांग की खरीदी शुरू कर दी।

## जयस्तंभ चौक के पास मल्टीलेवल पार्किंग के पहले टेंडर में एक भी एजेंसी नहीं आई

# पुराना बस स्टैंड-मल्टीलेवल पार्किंग के लिए नगर निगम ने किया री-टेंडर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जवाहर बाजार व्यापारी कल्याण समिति पार्किंग ठेका रिनीवल के लिए आयुक्त को लिखेगी पत्र

रायपुर निगम का बाजार विभाग पुराना बस स्टैंड स्थित नगर निगम की मल्टीलेवल पार्किंग को ठेके पर देने जल्द रीटेंडर करेगा। प्रथम टेंडर में एक भी एजेंसी द्वारा निविदा नहीं आने पर अब इसका रीटेंडर होगा। इसके साथ मालवीय रोड स्थित जवाहर बाजार के पार्किंग संचालन व संधारण के लिए नया टेंडर जल्द किया जाएगा। ठेके की मियाद पूरी होने से पहले जवाहर बाजार व्यापरी कल्याण समिति नगर निगम आयुक्त विश्वदीप को पार्किंग ठेका रिनीवल के लिए पत्र लिखने की तैयारी में है।

शहर के प्राइम लोकेशन पर स्थित जयस्तंभ चौक के पास पुराना बसस्टैंड स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के संचालन और संधारण कार्य के लिए बाजार विभाग को रीटेंडर करना पड़ रहा है।

### जवाहर बाजार पार्किंग ठेका की मियाद हो रही पूरी



### बिजली बिल, सफाई, सुरक्षा गार्ड सहित पार्किंग संचालन

जवाहर बाजार पार्किंग संचालन व संधारण के लिए अनुबंध की शर्त में संबंधित एजेंसी को बाजार परिसर की सफाई, बिजली का बिल, सुरक्षा व्यवस्था के लिए सिक्योरिटी गार्ड की तैनाती, मेंटनेंस से लेकर पेयजल की व्यवस्था खुद के संसाधन से करनी है।

पूर्व में किए गए ठेके की अवधि समाप्त होने के बाद नगर निगम ने एजेंसी तय करने ऑनलाइन टेंडर किया। निर्धारित अवधि तक इसके लिए किसी भी एजेंसी से निविदा नहीं आने पर रीटेंडर किया गया है। पार्किंग संचालन के लिए जल्द ही एजेंसी तय की जाएगी।

इसी तरह मालवीय रोड स्थित नगर निगम के बहुमंजिला जवाहर बाजार व्यावसायिक परिसर के पार्किंग का संचालन अब तक जवाहर बाजार व्यावसायिक कल्याण समिति के माध्यम से किया जाता रहा। 3 साल के लिए नगर निगम द्वारा इस पार्किंग के संचालन व संधारण के अनुबंध की मियाद पूरी होने वाली है, इसे देखते हुए समिति निगम आयुक्त को इसी सप्ताह पार्किंग ठेका नवीनीकरण के लिए पत्र लिखेगी। सूत्रों के मुताबिक नगर निगम और जवाहर बाजार के व्यापारियों की समिति के बीच पूर्व में हुए अनुबंध के मुताबिक नगर निगम आयुक्त यदि चाहे तो अनुबंध की अवधि नियम अनुसार बढ़ाई जा सकती है।

# पुरानी गंज मंडी लेगी नया स्वरूप, 250 करोड़ का प्रोजेक्ट बना रहा नगर निगम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- जमीन पर 20 से 25 कब्जाधारी एवं कानूनी दांवपेच से बचने लगाया केवियेट

राजधानी स्थित पुरानी गंज मंडी में प्रस्तावित गंज मंडी रीडेवलपमेंट प्लान को लेकर सियायत तेज हो गई है। निगम प्रशासन ने कानूनी दांवपेच से बचने अपना पक्ष सुनने के लिए केवियेट दायर कर दिया है। गंज मंडी की जमीन पर 20 से 25 लोग स्थायी पट्टेदार हैं।

नगर निगम से मिली जानकारी के अनुसार तेलघानी नाका के समीप प्रस्तावित गंज मंडी रीडेवलपमेंट प्लान के लिए सर्वे कर लिया गया है। यहां पर एक स्कीम के तहत व्यावसायिक परिसर बनाया जाएगा। प्लान की लागत 250 करोड़ आने की उम्मीद है, जिसको लेकर ननि प्रशासन डीपीआर बनाने जा रहा है।

### निगम ने दायर किया केवियेट

यहां पर कुल जमीन 26 एकड़ है। इसमें करीब 20 से 25 लोग स्थायी पट्टेदार हैं, जो इस समय कानूनी चुनौती देने के लिए तैयारी कर रहे हैं। नगर निगम प्रशासन की ओर से पंकज अग्रवाल ने केवियेट याचिका दायर की है। उन्होंने न्यायालय से अनुरोध किया है कि नगर निगम का पक्ष सुने बिना अनावेदक की याचिका पर सुनवाई न की जाए।



### डीपीआर बनाने की प्रक्रिया शुरू

निगम के अपर आयुक्त यूएस अग्रवाल ने बताया कि योजना पर 250 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। फिलहाल यह योजना पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप के तहत बनाई जाएगी अथवा वित्त विभाग से ऋण लिया जाएगा, इस पर अंतिम फैसला नहीं हुआ है। नगर निगम ने डीपीआर बनाना शुरू कर दिया है। उन्होंने बताया किसी भी विवाद को हल करने स्थायी कब्जाधारियों से बातचीत करेंगे।

### कंसलटेंट नियुक्ति के लिए टेंडर

नगर निगम ने प्रोजेक्ट के लिए कंसलटेंट नियुक्त करने के लिए टेंडर जारी किया है। कंसलटेंट नियुक्ति के लिए 11 सितंबर को टेंडर खुलेगा। यहां पर निगम के द्वारा व्यावसायिक और आवासीय प्रोजेक्ट के अलावा पार्किंग और ग्रीन लैंड विकसित किया जाएगा। केंद्र ने योजना बनाकर भेजेने का प्रस्ताव मंगाया है, उसके आधार पर नगर निगम ने इस प्रोजेक्ट को आगे बढ़ाया है।

### सांसदों एवं व्यापारियों ने किया विरोध

सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने मंडी परिसर में सार्वजनिक उद्यान बनाने की मांग की है। उनका कहना है कि यहां पर एक सार्वजनिक उद्यान बनाना चाहिए। व्यावसायिक परिसर सिर्फ जंगल का कंक्रीट है, जिससे रायपुर की आबो हवा खराब हो रही है। नगर निगम के वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं राज्य शासन से उन्होंने अपील की है कि इस योजना को लागू करने से पहले विचार करे। व्यापारियों ने भी इस प्रोजेक्ट का विरोध किया है।

# भादो में सावन की झड़ी, रिमझिम फुहारों से भीगी राजधानी, मौसम में आई ठंडकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- सुबह से शुरू हुई बारिश देर शाम तक जारी रही, तीन डिग्री लुढ़का तापमान

लंबे इंतजार के बाद अगस्त (भादो) के महीने में सावन की झड़ी लगी रही। शनिवार सुबह से शुरू हुआ रिमझिम फुहारों का दौर देर शाम तक जारी रहा। पानी गिरने और दिनभर धूप नहीं निकलने की वजह से अधिकतम तापमान तीन डिग्री तक नीचे चला गया और मौसम में ठंडकता आ गई। रायपुर समेत मध्य हिस्से में कल के बाद बारिश की गतिविधि बढ़ने की संभावना है।

पिछले कुछ दिनों से राजधानी में बादल तो छा रहे हैं, मगर पर्याप्त मात्रा में बरस नहीं रहे थे। शनिवार को सुबह से प्रारंभ रिमझिम फुहारों ने मौसम को बदलकर रख दिया। आंकड़ों के अनुसार दिनभर में वर्षा का आंकड़ा भले ही 12.2 डिग्री तक पहुंचा, मगर इससे जनजीवन प्रभावित हो गया। बारिश की वजह से पोला त्योहार की रौनक भी कम दिखाई पड़ी। काफी दिनों बाद शहर में लोग रेनकोट पहनकर सड़कों पर आवाजाही करते दिखे। दूसरी ओर प्रदेश के उत्तरी इलाकों में भारी बारिश दर्ज की गई। पुसौर में सर्वाधिक 90 मिमी., रायगढ़ में 80, रतनपुर में 70, चांपा, नया बाराद्वार, तखतपुर, बालोद में 60 मिमी., बेलतर, मरवाही, सरिया, बालोद, सारागांव, सक्ती, डोंगरगांव, अड़भर में 50-50 मिमी. तक बारिश हुई। मौसम विशेषज्ञों का अनुमान है कि सोमवार के बाद मध्य इलाके में अच्छी बारिश होने की संभावना है। इसके लिए सोमवार बंगाल की खाड़ी में नया सिस्टम बन रहा है।



### सिस्टम झारखंड की ओर

एक निम्न दाब का क्षेत्र पश्चिम बंगाल और उससे लगे क्षेत्र में स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण मौजूद है। इसके पश्चिम उत्तर पश्चिम दिशा में आगे बढ़ते हुए झारखंड की ओर आगे बढ़ते हुए कमजोर होने की संभावना है। मानसून द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर गंगानगर, ग्वालियर, बांदा होते हुए उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी तक स्थित है। एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण उत्तर मध्य प्रदेश और उससे लगे दक्षिण उत्तर प्रदेश के ऊपर स्थित है। रविवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने तथा उत्तर छत्तीसगढ़ में भारी बारिश होने की संभावना है।

# कानफोड़ू डीजे पर इस बार भी सख्ती, जोन कमिश्नर थाना प्रभारी से एनओसी मिलने पर प्रशासन देगा अनुमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गणेशोत्सव में इस बार भी कानफोड़ू डीजे पर सख्त नियम लागू रहेंगे, जिसके कारण डीजे बजाने की अनुमति लेना आसान नहीं होगा। पिछली बार की तरह इस बार डीजे की अनुमति लेने के लिए संबंधित थाना प्रभारी और जोन कमिश्नर से एनओसी लेना पड़ेगा।

यह एनओसी तभी मिल पाएगा, जब डीजे संचालक लिखित में देगा कि उसके कारण सड़क पर जाम नहीं लगेगा और 75 डेसिबल से कम आवाज में वह डीजे बजाएगा। दोनों से एनओसी मिलने के बाद ही जिला प्रशासन से डीजे बजाने की अनुमति मिल पाएगी। इधर प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि अनुमति लेने के बाद डीजे पर नजर रखी जाएगी और सड़क जाम या निर्धारित डेसिबल से ज्यादा साउंड में बजाते मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### डीजे की अनुमति लेने पहुंचने लगे आवेदन

गणेशोत्सव 27 अगस्त से प्रारंभ हो रहा है। गणेश की प्रतिमा स्थापित करने के लिए गणेशोत्सव समितियों ने एक ओर जहां पंडाल सजाने की तैयारियां शुरू कर दी हैं, वहीं दूसरी ओर बप्पा की प्रतिमा को धूमधाम से पंडाल तक लाने से लेकर विसर्जन के लिए समितियां ढोल-नगाड़ा, बैंड से लेकर डीजे की एडवांस बुकिंग भी करा चुकी हैं। इधर बुकिंग लेने वाले डीजे संचालकों से लेकर कई गणेश समितियों ने डीजे बजाने की अनुमति के लिए आवेदन करना भी शुरू कर दिया है, ताकि समय रहते उन्हें अनुमति मिल सके।

### नियमों के तहत अनुमति

डीजे साउंड को लेकर हाईकोर्ट का दिशा-निर्देश जारी है, जिसके तहत ही आवेदनों पर अनुमति दी जाएगी।

*- उमाशंकर बंदे, अपर कलेक्टर, रायपुर*



### थाना प्रभारी, जोन कमिश्नर की अनुमति लेना अनिवार्य

प्रशासन की ओर से नगर निगम प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन को निर्देश जारी किए हैं कि डीजे संचालकों को डीजे बजाने की अनुमति नियमों का पालन करते हुए सशर्त दी जाए। इसके लिए सबसे पहले डीजे संचालकों से किसी भी प्रकार से सड़क पर जाम की स्थिति निर्मित नहीं होना चाहिए, निर्धारित डेसिबल साउंड पर डीजे बजाएंगे। अस्पताल, स्कूल के 100 मीटर रेंज में डीजे नहीं बजाएंगे। रात 10 बजे के बाद नहीं बजाएंगे सहित अन्य नियमों का भी पालन करना होगा।

### जोन कमिश्नर-थाना प्रभारी से पहले लेनी होगी अनुमति

डीजे बजाने की अनुमति के लिए पहले जोन कमिश्नर एवं संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी से अनुमति लेनी होगी। इसके बाद प्रशासन आवेदन पर निर्णय लेगा। बिना अनुमति बजाने एवं नियमों का पालन नहीं करने वालों के विरुद्ध कोलाहाल अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

*- कीर्तिमान सिंह राठौर, अपर कलेक्टर रायपुर*

# अभनपुर, आरंग, तिल्दा से पहुंचे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों ने किया सद्बुद्धि यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पोला पर्व और बारिश होने बाद भी संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी और मितानिनों का उत्साह कम नहीं हुआ है। शनिवार को पूरे जोश के साथ 10 सूत्रीय मांग को लेकर अभनपुर, आरंग, तिल्दा और रायपुर से बड़ी संख्या में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर एकजुट हुए और सामूहिक रूप से शासन को सद्बुद्धि दिलाने हवन-पूजन के साथ यज्ञ किया। वहीं मैनपुर, छुरा, फिंगेश्वर और देवभोग से मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर धरना प्रदर्शन में शामिल होने पहुंचे। साथ ही अंशकालीन स्कूल सफाई कर्मचारी अपनी 2 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर रहे। छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर प्रदेशभर की मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर हड़ताल पर हैं। उनकी प्रमुख मांग में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संविलयन, मानदेय क्षतिपूर्ति में 50 फीसदी बढ़ोतरी और ठेका प्रथा बंद करने की मांग शामिल है। शनिवार को नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन में गरियाबंद जिले की मितानिन शामिल हुईं। 7 अगस्त से मितानिन कामबंद-कलमबंद हड़ताल कर अपने हक की आवाज बुलंद करने धरना दे रही हैं। पहले उन्होंने संभागवार प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित कराया। इसके बाद 12 अगस्त से धरना स्थल पर जिला स्तरीय धरना दे रही हैं। स्वास्थ्य सेवाओं की रीढ़ कही जाने वाली 72 हजार मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर के हड़ताल पर जाने से बच्चों के पोषण आहार, टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य परामर्श सहित अन्य सेवाओं पर प्रभाव पड़ा है। संघ की प्रदेश अध्यक्ष सरोज सिंह सेंगर, सचिव चंद्रकिशोर वासनिक ने कहा है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होती, धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।



# रिमांड खत्म होने पर चैतन्य 14 दिनों की न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- पूर्व सीएम के बेटे चैतन्य से मिलने पत्नी ईडी कार्यालय पहुंची

करोड़ों रुपए के शराब घोटाला के आरोप में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की शनिवार को पुलिस रिमांड खत्म होने पर ईडी ने कोर्ट में पेश कर 14 दिनों के लिए न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है। अगली सुनवाई अब छह सितंबर को होगी। चैतन्य बघेल एक माह से ज्यादा समय से न्यायिक रिमांड पर जेल में बंद है। जांच में नए तथ्य सामने आने के बाद ईडी ने चैतन्य से पूछताछ करने रिमांड पर लिया था। चैतन्य को ईडी की विशेष अदालत में पेश किया गया।

सूत्रों के मुताबिक चैतन्य से पूछताछ में ईडी को कई महत्वपूर्ण जानकारी मिली है। पूछताछ में ईडी को कई नए तथ्य मिले हैं। इस आधार पर ईडी के अफसरों ने रायपुर, भिलाई के 17 कारोबारियों की सूची तैयार की है। सूची में सराफा कारोबारी के साथ, रियल एस्टेट, होटल कारोबारियों के नाम बताए जा रहे हैं। ईडी ने जिन कारोबारियों की सूची तैयार की है, उन्हें पूछताछ करने जल्द नोटिस जारी कर सकती है।



### स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट

23 सितंबर को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का जन्म दिवस है। ईडी कार्यालय के सामने सुभाष स्टेडियम में पूर्व मुख्यमंत्री के परिजन तथा उनके समर्थकों ने पूर्व मुख्यमंत्री का जन्मदिन सेलिब्रेट करने के साथ तीजा पोरा का पर्व मनाया। कार्यक्रम के बीच में चैतन्य की पत्नी ख्याति वर्मा तथा उनकी बहनें चैतन्य से मिलने ईडी कार्यालय पहुंचीं। आधा घंटा मुलाकात करने के बाद सभी वापस भिलाई के लिए लौट गए।

## खबर संक्षेप



### नशे में धुत इनोवा चालक गिरफ्तार

**फिंगेश्वर।** फिंगेश्वर के ग्राम पाली में 23 अगस्त को एक इनोवा चालक को शराब पीकर गाड़ी चलाते और सायरन-हॉर्न बजाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने वाहन को जब्त कर चालक के खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की है। यह घटना तब हुई जब जयकांत बांधे (25), जो बलौदाबाजार जिले के परसवानी का निवासी है, अपनी इनोवा (क्रमांक सीजी 04 एसबी 8164) को बस्ती के अंदर तेज गति से चला रहा था। वह नशे की हालत में था और लगातार सायरन और हॉर्न बजाकर लोगों को परेशान कर रहा था। स्थानीय लोगों की शिकायत पर पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए जयकांत बांधे को पकड़ा। पुलिस ने उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 119 (3) और 185 के तहत मामला दर्ज किया है। ये धाराएं लापरवाही से गाड़ी चलाने और शराब पीकर वाहन चलाने से संबंधित हैं। पुलिस ने इनोवा वाहन को जब्त कर लिया है और चालक को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। यह घटना शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शराब पीकर गाड़ी चलाने और लापरवाही से वाहन चलाने की बढ़ती समस्या को दर्शाती है।

### प्राणघातक हमले में एक घायल

**महासमुंद।** ग्राम भंवरपुर में एक व्यक्ति पर प्राणघातक हमला कर घायल करने के मामले में आरोपी के विरूद्ध बसना थाने में जुर्म किया गया है। पुलिस ने बताया कि भंवरपुर को देवेंद्र देवांगन पिता नंदलाल देवांगन ने एफआईआर दर्ज कराई है कि 22 अगस्त की रात करीब 7:30 बजे उसके पिता नंदलाल देवांगन को घूमने जाने के नाम पर रवि देवांगन अपनी बाइक से बसना रोड पलसापाली मोड की ओर लेकर गया था, तभी रवि देवांगन लघु शंका के बहाने रूका और गाड़ी की डिक्की से चटनी पीसने वाला सील के पत्थर से जान से मारने की नीयत से उसके पिता नंदलाल देवांगन के सिर पर 5-6 बार बार कर प्राण घातक हमला किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 109 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज कर विवेचना में लया गया है।

### देशी मशाला और अंग्रेजी शराब जब्त

**महासमुंद।** कोतवाली पुलिस ने भलेसर रोड श्मशान घाट के आगे नहर किनारे से एक व्यक्ति के कब्जे से देशी मशाला और व्हिस्की अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिलने पर आरोपी राजू यादव पिता स्व भरत यादव (32 वर्ष) वार्ड न. 18 कुर्मीपारा महासमुंद के कब्जे से 25 नग पौवा देशी मशाला शराब एवं 08 पौवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब कुल कीमत 3460 व बिक्री रकम 250 रुपए को जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### 9 महतारी सदन 25 सौ वर्ग फुट में होगा निर्माण

**महासमुंद।** प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने तथा आपसी समरसता स्थापित करने सामायिक कार्यक्रमें में सामूहिक भागीदारी तथा महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार महतारी सदन का निर्माण कार्य किया जाना है। राज्य में 166 महतारी सदन की स्वीकृति आदेश जारी किया गया है, इसके लिए 49 करोड़ 80 लाख रुपए की स्वीकृति जारी की गई है। प्रति महतारी सदन की लागत राशि रुपये 30 लाख होगी। महासमुंद जिले में 9 महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें महासमुंद विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बिरकोनी व भोरिंग में, सिंघनपुर और भंवरपुर तथा सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत केंदुआ और तोषगांव में महतारी सदन का निर्माण होगा।

# नशे में ड्राइविंग करने पर गाड़ियां जब्त, 6 हजार का ठोका जुर्माना

## शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर लगाम, घटारानी मुख्य सड़क पर ब्रेथ-एलाइजर से जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुईहा बेलर

सड़क दुर्घटनाओं को रोकने और यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए, गरियाबंद पुलिस अधीक्षक निखिल राखेचा के निर्देश पर यातायात विभाग ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को ट्रैफिक पुलिस ने छुरा मार्ग के मुख्य प्रवेश द्वार, जमाही पर, ब्रेथ-एलाइजर मशीन का उपयोग कर शराब पीकर वाहन चला रहे चालकों का पता लगाया और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की। इस अभियान का नेतृत्व कर रहे उपनिरीक्षक रामाधार मरकाम ने बताया कि मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) की धारा 185 के तहत नशे में गाड़ी चलाने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई। इस कार्रवाई में दोषी चालकों के वाहन तुरंत जब्त कर लिए गए और उन्हें कानूनी प्रक्रिया का सामना करना पड़ेगा। इसमें जुर्माने का भुगतान न करने पर उन्हें न्यायालय में पेश किया जाना भी शामिल है। पुलिस ने दो कारें (सीजी 08-0426, सीजी 05-एस -4500) और कुछ मोटरसाइकिलें जब्त कीं। इसके अलावा, मालवाहक वाहनों में सवारी ढोने पर भी कार्रवाई की गई। कुल मिलाकर, छह वाहनों पर ऑनलाइन कार्रवाई हुई और 6,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया।



### ड्राइविंग लाइसेंस होंगे निलंबित

उपनिरीक्षक रामाधार मरकाम ने चेतावनी दी कि यदि कोई भी व्यक्ति शराब पीकर या ओवरलोड वाहन चलाता पाया जाता है, तो उसका ड्राइविंग लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य नशे के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं और मौतों को रोकना है। इस अभियान में सहायक उपनिरीक्षक रामाधार मरकाम के साथ प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र ठाकुर, आरक्षक अनिल पांडे, वीरेंद्र पटेल और भूपेंद्र ठाकुर भी शामिल थे। पहली बार इस तरह की सख्त कार्रवाई होते देख, बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जमा हो गए थे।



## पर्व : नगर सहित अंचल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया पोला का पर्व

# पोला पर्व पर मिट्टी से बने बैलों की पूजा की गई, चीला का लगाया गया भोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

पोला पर्व नगर सहित पूरे अंचल में बड़े ही हर्षोल्लास और पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस दिन किसानों ने अपने कृषि कार्य के सहयोगी बैल और बैलों की जोड़ी को शक्ति का अवतार मानकर उनकी पूजा-अर्चना की। पोला पर्व का सीधा संबंध कृषि और पशुधन से है। यह पर्व किसानों द्वारा साल भर खेतों में कड़ी मेहनत करने वाले बैलों के प्रति आभार व्यक्त करने का एक तरीका है। आज के दिन किसानों ने अपने बैलों को अच्छी तरह से नहलाया-धुलाया, उन्हें सजाया और उनकी पूजा कर उन्हें प्रसाद खिलाया। घरों में मिट्टी से बने बैलों की पूजा की गई और उन्हें चीला का भोग लगाया गया।

यह पर्व माता अन्नपूर्णा की विशेष कामना को लेकर भी मनाया जाता है, क्योंकि बैलों के माध्यम से ही किसान अपनी साल भर की किसानी को सफल बनाते हैं। हालांकि, आज के आधुनिक युग में खेती के लिए कई मशीनें आ गई हैं, फिर भी बहुत से किसान अभी भी बैलों का उपयोग करते हैं और उन्हें अपने परिवार का हिस्सा मानते हैं। पोला के दिन खेतों का काम पूरी तरह से बंद रहा।





### सांस्कृतिक उत्सव का रंग

पोला केवल एक धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक उत्सव भी है। इस दिन गांवों में बैल दौड़ और बैल सजाने की प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाती हैं, जिससे यह पर्व और भी खास हो जाता है। बच्चों ने मिट्टी के बने बैलों को पहिए लगाकर और रस्सी से बांधकर गलियों में घुमाया, जिससे पूरे गांव में एक उत्सव का माहौल बन गया। यह सदियों पुराना त्योहार हमें यह संदेश देता है कि हमें केवल मनुष्यों का ही नहीं, बल्कि हर उस जीव का सम्मान करना चाहिए जो हमारे जीवन को बेहतर बनाने में मदद करता है।

# ट्रैक्टर से गांव पहुंचे विधायक 79 साल बाद भी सड़क नहीं बनने पर जताया दुख



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के युवा विधायक जनक ध्रुव ने एक बार फिर अपने अलग अंदाज में मतदाताओं तक पहुंचने का प्रयास किया। वे ट्रैक्टर पर बैठकर दुर्गम गांव भैरीगुड़ा पहुंचे, जहां आजादी के 79 साल बाद भी सड़क नहीं बन पाई है। इस बारिश के मौसम में कीचड़ और दलदल से भरे रास्ते को पार कर विधायक का गांव पहुंचना ग्रामीणों के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। ग्रामीणों ने अपनी समस्या दिखाने के लिए विधायक को गांव में आमंत्रित किया था। विधायक ने उनकी मांग पर ट्रैक्टर से ही गांव तक का सफर तय किया। विधायक को इस तरह अपने बीच पाकर ग्रामीणों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने उनका जोरदार स्वागत किया। गांव पहुंचकर विधायक ने ग्रामीणों के साथ चौपाल लगाई और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों को जल्द ही पक्की सड़क के निर्माण का आश्वासन दिया।

**सड़क नहीं बनना समझ से परे-** विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि आजादी के इतने वर्षों बाद भी भैरीगुड़ा तक सड़क नहीं बनना समझ से परे है। उन्होंने स्वीकार किया कि ग्रामीण वास्तव में बहुत परेशान हैं और वे जल्द ही सड़क निर्माण के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस मौके पर समारू राम, विराट यादव, जगदीश राम, नरसिंह यादव, मनीराम, गंगाराम, अंकुर यादव, जगमोहन, चंद्रसेन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# पुलिसकर्मियों ने कहा- आजादी के 79 साल बाद भी न्याय से वंचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

संयुक्त पुलिस कर्मचारी एवं परिवार कल्याण संघ के अध्यक्ष उज्जवल दीवान ने 18 अगस्त 2025 को रायपुर प्रेस क्लब में एक महत्वपूर्ण पत्रकार वार्ता कर पुलिस विभाग में व्याप्त अनियमितताओं और कर्मचारियों की दयनीय स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि आजादी के 79 साल पूरे होने के बावजूद, कानून व्यवस्था संभालने वाले पुलिसकर्मियों को बुनियादी सुविधाओं और न्याय के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उज्जवल दीवान ने पुलिसकर्मियों की समस्याओं को कई मुख्य बिंदुओं में रखा, जिनमें शामिल हैं

विवेचना में बाधाः नए कानूनों के अनुसार, विवेचकों को चालान प्रस्तुत करने के लिए पेनड्राइव नहीं दिए जा रहे हैं। उन्हें अपने पैसे से पेनड्राइव खरीदकर न्यायालय में जमा करना पड़ रहा है।

पदोन्नति और वेतनमानः समयमान-वेतनमान के साथ पदोन्नति नहीं दी जा रही है, जिससे लंबित मामलों का निराकरण धीमा हो रहा है।

अपर्याप्त भत्ताः पौष्टिक आहार भत्ता मात्र 100 रुपये प्रति माह है, जो आज की महंगाई में एक समय के भोजन के खर्च के बराबर भी नहीं है। इसके अलावा, वाहन भत्ता भी नहीं दिया जाता है, जबकि सभी कार्य तुरंत करवाने की अपेक्षा की जाती है।

वेतन में असमानताः पुलिस के सिपाही का वेतन चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी के बराबर है, जबकि उनके कार्य में कहीं अधिक जोखिम और जिम्मेदारी होती है।

आवास की कमीः पुलिसकर्मियों को सरकारी आवास नहीं मिल रहे हैं, और हाउस रेंट भत्ता केवल 1500-2000 रुपये है, जबकि बाजार में किराया 5000-7000 रुपये या उससे अधिक है।

भेदभाव और उत्पीड़नः बड़े अधिकारियों और छोटे कर्मचारियों के बीच भेदभाव होता है। छोटे कर्मचारियों पर छोटी-छोटी गलतियों के लिए तुरंत और कड़ी कार्रवाई की जाती है, जिससे उनका भविष्य प्रभावित होता है।

पदोन्नति में देरीः बड़े अधिकारियों की पदोन्नति समय पर हो जाती है, जबकि छोटे कर्मचारियों को सालों तक इंतजार करना पड़ता है, जिससे उनका मनोबल टूटता है।

अनिश्चित कार्य घंटेः कार्य के घंटे निश्चित नहीं हैं और साप्ताहिक अवकाश भी नहीं मिलता है।

### संघ ने सरकार से निम्नलिखित मांगे की हैं

1. वेतनमान और भत्तेः पुलिस आरक्षक का वेतनमान बढ़ाकर 2800 रुपये ग्रेड पे किया जाए और सभी भत्तों को महंगाई दर के अनुरूप बढ़ाया जाए।
2. परिवहन भत्ताः बाहर जाने वाले कर्मचारियों को होटल में रुकने का भत्ता एडवांस में दिया जाए।
3. सहायक आरक्षकों का नियमितीकरणः सभी सहायक आरक्षकों को डीएसएफ आरक्षक बनाया जाए और उनके परिजनों को अनुकंपा नियुक्ति दी जाए। डीएसएफ जवानों को पुलिस आरक्षकों के बराबर वेतन दिया जाए।
4. पदोन्नतिः सभी कर्मचारियों को समान अवसर और समय पर पदोन्नति दी जाए।
5. आवास और किरायाः सरकारी आवास की उपलब्धता बढ़ाई जाए या हाउस रेंट को बाजार दर के अनुसार संशोधित किया जाए।
6. पारदर्शिताः विभागीय दंड प्रणाली में पारदर्शिता और समानता सुनिश्चित की जाए।
7. नगर सेना और जेल कर्मीः नगर सेना के जवानों को मध्य प्रदेश के आधार पर वेतन दिया जाए और जेल विभाग के जवानों को जिला पुलिस बल के समान वेतन और सुविधाएं दी जाएं। उज्जवल दीवान ने कहा कि यह प्रेस वार्ता किसी व्यक्ति विशेष के लिए नहीं, बल्कि उन सभी पुलिस कर्मचारियों की आवाज है, जो आज भी भेदभाव और अन्याय का सामना कर रहे हैं। उन्होंने अप्रमाणित विभागीय जांचों में दिए गए दंड को रद्द करने और ऐसे मामलों के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की भी मांग की।

# रसेला में शुरू हुई गिरदावरी

## पारदर्शिता के लिए युवाओं को जोड़ा गया, 15 सितंबर तक होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

रसेला और आसपास के क्षेत्रों में रविवार को गिरदावरी (फसल सर्वेक्षण) का कार्य शुरू हो गया है। इस वर्ष, सरकार ने किसानों की शिकायतों को दूर करने और रिकॉर्ड में सटीकता लाने के लिए एक नई पहल की है, जिसमें ग्रामीण युवाओं को इस काम में लगाया गया है। गिरदावरी, जिसका अर्थ है भूमि और उसमें उगाई गई फसलों का विस्तृत सर्वेक्षण, एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इसमें जमीन के स्वामित्व, उगाई गई फसल, सिंचाई के तरीके और अन्य विवरणों का रिकॉर्ड दर्ज किया जाता है। पटवारी रायसिंह ठाकुर ने बताया कि इस प्रक्रिया को 'राज किसान गिरदावरी' मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन भी किया जा रहा है, जिससे पारदर्शिता और सटीकता बढ़ेगी।

**युवाओं को मिला रोजगार-** इस पहल के तहत, ग्रामीण युवा अब घर-घर जाकर खेतों का सर्वे कर रहे हैं, उनकी तस्वीरें खींच रहे हैं और जानकारी को पोर्टल पर अपडेट कर रहे हैं। इस काम के लिए उन्हें प्रति खसरा 10 रुपये दिए जाएंगे, जिससे उन्हें अस्थायी रोजगार भी मिल रहा है। गिरदावरी करने वाले मांजरेकर नेताम और उनके सहयोगी तरुण ठाकुर ने बताया कि यह प्रक्रिया 1 अगस्त से 15 सितंबर तक चलेगी। इसके बाद पर्यवेक्षक द्वारा इसका सत्यापन होगा, और किसानों को दावा-आपत्ति के लिए समय दिया जाएगा। गिरदावरी के पहले दिन, 45 किसानों की फसलों का सर्वेक्षण किया गया, जिसमें मंगली बाई यादव, दिलीप नायक, राधे, डी आर यादव, राकेश कोमर्रा सहित कई किसान उपस्थित थे।



### गिरदावरी के कई महत्वपूर्ण लाभ

**विवादों से बचावः** यह सुनिश्चित करता है कि जमीन की सही जानकारी उपलब्ध हो, जिससे भविष्य में किसी भी भूमि विवाद से बचा जा सके।

**सरकारी योजनाओं का लाभः** प्राकृतिक आपदाओं से फसल को हुए नुकसान की स्थिति में यह सही और सत्यापित जानकारी प्रदान करती है। यह जानकारी बीमा और सरकारी सहायता के लिए आवश्यक होती है।

**फर्जीवाड़े पर रोकः** युवाओं द्वारा किए जा रहे इस सर्वे से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं में फर्जी जानकारी देने पर भी रोक लगेगी।

## नगर पंचायत कोपरा में 51 कुंडीय महायज्ञ की तैयारी

# सवा लाख गायत्री मंत्र जप अनुष्ठान की पूर्णाहुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के मार्गदर्शन में, गरियाबंद जिले के गायत्री परिजनों ने 40 दिवसीय सवा लाख मंत्र जप अनुष्ठान की महा पूर्णाहुति रविवार को गायत्री शक्तिपीठ राजिम में संपन्न की। विभिन्न क्षेत्रों से आए 110 से अधिक परिजनों ने पांच कुंडीय यज्ञ में दो माला गायत्री मंत्र की आहुति समर्पित कर इस अनुष्ठान को पूर्ण किया। इस यज्ञ में पर्यावरण संरक्षण, राष्ट्र शौर्य, और समृद्धि के लिए विशेष आहुतियां दी गईं। इस अवसर पर परिजनों को 23 से 26 दिसंबर 2025 को नगर पंचायत कोपरा में होने वाले 51 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की जानकारी भी दी गई। सभी से इस भव्य कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए तन, मन और धन से सहयोग करने का आग्रह किया गया।





### प्रमुख गायत्री परिजनों की उपस्थिति

इस कार्यक्रम में कई वरिष्ठ गायत्री परिजन उपस्थित रहे, जिनमें मुख्य रूप से पूर्व सांसद और गायत्री शक्तिपीठ राजिम के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी चंदूलाल साहू, गायत्री परिवार जिला गरियाबंद के समन्वयक टीकम राम साहू, उपजोन रायपुर युवा प्रकोष्ठ के समन्वयक पुरुषोत्तम यादव और यामिनी यादव शामिल थे। इसके पुरुषोत्तम दीवान, लोकेश्वरी दीवान, सावित्री साहू, डॉ. डाली साहू, मोहनलाल साहू, रेणुका साहू, गोकुल साहू, सीमा साहू, देवकी साहू, प्रभा साहू, दीपा साहू, संतोष कुमार साहू, चंद्रकला यादव, चंद्रलेखा गुप्ता, गीतांजलि साहू, बलराम साहू, कोमल साहू, खिलावन सेन, ताराचंद साहू, अमृतलाल साहू, संतराम ध्रुव, इंद्र कुमार, हरिशंकर सिंहा और तुलाराम साहू सहित कुल 125 से अधिक परिजनों ने इस अनुष्ठान में भाग लिया।

# एक पेड़ मां के नाम, अभियान के तहत किया गया पौधारोपण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम पंचायत रसेला के पारा कारीमाटी में पोला त्योहार के दिन एक पेड़ मां नाम अभियान के तहत सड़क किनारे तालाब में फलदार एवं छायादार पौधा का रोपण किया गया। इस अवसर पर जामुन,आम, आंवला जैसे पौधें लगाए गए। यह अभियान छत्तीसगढ़ राज्य सरकार में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। जिसके तहत गांवों में हजारों पौधे लगाए जा चुके हैं। इसी कड़ी में पोला त्योहार के पावन अवसर पर उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान यशराम यादव, रामायण दास, विजय यादव, अर्जुन ठाकुर, हेमलाल मरकाम, हेमकुमार, कुंभबाई, भूघन कमार सहित पारावासी महिला पुरुष उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप



### मैनपुरकला में नवाखाई पर्व मनाई गई

**मैनपुर।** गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड स्थित ग्राम मैनपुरकला में रविवार को नवाखाई पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। यह पर्व नई फसल के स्वागत में मनाया जाता है, जिसमें ग्रामीण अपनी ईष्टदेवी-देवताओं की पूजा-अर्चना करते हैं। पर्व के दौरान, गांव के झांकार, पुजारी, और अन्य वरिष्ठजनों ने मिलकर देवी-देवताओं को धान की नई फसल का भोग लगाया। पूजा-अर्चना के बाद सभी ने एक-दूसरे को नवाखाई पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर युवा पीढ़ी ने अपने बड़ों के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया, जो इस पर्व का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। गांव में इस दौरान कई धार्मिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पावन अवसर पर झांकार डोमार सिंह नागेश, पुजारी बलराम सिंह, ललित राम ठाकुर, सियाराम ठाकुर, राकेश ठाकुर, युवराज ठाकुर, टिंकू ठाकुर, रोहन नागेश, सरकार नागेश, तरुण नागेश, दुलेन्द्र नेगी, तनवीर राजपूत, गोविंद यादव, उमेश यादव, पप्पू नागेश, ईश्वर नागेश, जयगोपाल ठाकुर, प्रेमलाल साहू, वीरेंद्र राजपूत, प्रेम यादव सहित समस्त ग्रामवासी मौजूद थे। यह पर्व न केवल नई फसल के आगमन का प्रतीक है, बल्कि यह ग्रामीणों को एक साथ आने और अपनी संस्कृति और परंपराओं को बनाए रखने का अवसर भी देता है।

## निधन

### माहसिर बाई ध्रुव

**मुड़ागांव(कोरासी)।** ग्राम अकलवारा निवासी माहसिर बाई ध्रुव का निधन 24 अगस्त को हो गया। वे पुरण सिंह ठाकुर आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज जिला अध्यक्ष एवं सर्कल संरक्षक के धर्म पत्नी थी। उनके अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। उनके अंतिम संस्कार में पुनीत, पुराणिक, परमानन्द, प्रहलाद, फने श्वर, जगतपाल, कमलेश, भुनेश्वर, महेश्वर (भांजा), हरिशंकर, हरिश, कुलेश्वर, कविता, काजल, यामिनी, प्रियंका, भूमिका, प्रियंका, द्रोपती, संतोषी, गीतांजली, पंकज, प्रकाश, गुलशन, मुकेश, कोमल, रेखराम, विरेन्द्र, देवानंद, दयाशंकर एवं समस्त पोडेटी परिवार, सामाजिक एवं ग्रामीण जन बड़ी संख्या में शामिल हुए।



**समस्या : 7-8 सालों से नेशनल हाईवे घोषित, फिर भी हालत खराब**

# जर्जर हाईवे 130 सी बना हादसों का गढ़ सड़क किनारे की पटरियां पूरी तरह गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

रायपुर को देवभोग-ओडिशा से जोड़ने वाला प्रमुख राष्ट्रीय राजमार्ग 130 सी इन दिनों बदहाली और खतरनाक हादसों का पर्याय बन गया है। खासकर झरियाबाहरा से मंदांगमुड़ा तक की सिंगल लेन सड़क पर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए सफर बेहद जोखिम भरा हो गया है। सड़क किनारे कई जगहों पर 4-5 फीट गहरे गड्ढे हो गए हैं, जिससे साइड देने के दौरान वाहन पलट रहे हैं और घंटों जाम लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह सड़क पिछले 7-8 सालों से नेशनल हाईवे घोषित है, लेकिन इसकी हालत दिन-ब-दिन खराब होती जा रही है। सड़क किनारे की पटरियां पूरी तरह गायब हो चुकी हैं और गहरे गड्ढे बन गए हैं। इस वजह से दो और चार पहिया वाहन चालकों को साइड देने में भारी परेशानी हो रही है। कई बार वाहन इन गड्ढों में चले जाते हैं और पलट जाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं हो रही हैं। सबसे ज्यादा परेशानी मोटरसाइकिल चालकों को हो रही है। इस सिंगल लेन सड़क पर दो वाहनों के आमने-सामने आने पर साइड देने को लेकर अक्सर झगड़े की स्थिति भी बन जाती है, क्योंकि गड्ढों के कारण कोई भी वाहन चालक साइड देने से डरता है।



### विधायक ने मंत्री गडकरी को लिखा पत्र

इस गंभीर समस्या को देखते हुए, बिंद्रा नवागढ़ के विधायक जनक ध्रुव ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखा है। उन्होंने बारिश में बढ़ते हादसों को देखते हुए तुरंत सड़क किनारे की पटरियों की मरम्मत कराने और सड़क को चौड़ा करने की मांग की है। क्षेत्र की जनता ने भी केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य शुरू करने की अपील की है, ताकि लोगों को इस खतरनाक मार्ग से मुक्ति मिल सके।





### क्षेत्र की जनता में भारी आक्रोश

झरियाबाहरा, तौरेंगा, और जुंगाड़ के पास जानलेवा गड्ढे मौत को दावत दे रहे हैं। तौरेंगा के पास एक पुराने पुल का आधा हिस्सा टूटकर बह गया है, जिससे 10 फीट गहरा गड्ढा बन गया है। इस रास्ते से बड़े अधिकारियों का भी अक्सर आना-जाना होता है, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, जिससे जनता में भारी आक्रोश है। स्थानीय लोग इस सड़क की मरम्मत और चौड़ीकरण की मांग करते-करते थक चुके हैं। उनकी शिकायतों पर संबंधित विभाग कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## गजेंद्र के मंत्री बनने पर यादव समाज में हर्ष, किया स्वागत



**अभनपुर।** गजेन्द्र यादव को छत्तीसगढ़ शासन में कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर पूरे प्रदेश में यादव समाज में खुशी की लहर है। इस अवसर पर यादव समाज रायपुर की ओर से जिला अध्यक्ष संतोष यदु, बलराम यादव, हीराराम यादव, धर्मेंद्र यादव, हरिराम यादव, दुष्यंत यादव सहित अन्य प्रमुख समाजजनों ने मंत्री गजेन्द्र यादव के निज निवास पहुँचकर उन्हें शाल, श्रीफल और पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष संतोष यदु व समाज के लोगों ने बताया कि लंबे समय से यादव समाज द्वारा सरकार से निगम-मंडल, गौसेवा आयोग सहित विभिन्न मुख्य पदों पर समाज को प्रतिनिधित्व देने की मांग की जा रही थी। इसी क्रम में पूरे प्रदेशभर में मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया था, साथ ही समाजजनों ने मुख्यमंत्री से प्रत्यक्ष मुलाकात कर गजेन्द्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने की अपील की थी। मुख्यमंत्री द्वारा समाज की इस भावना का सम्मान करते हुए गजेन्द्र यादव को मंत्री पद दिए जाने पर यादव समाज ने मुख्यमंत्री और भाजपा संगठन के प्रति आभार प्रकट किया है। पदाधिकारियो ने बताया कि आगामी 5 सितंबर को रायपुर में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें प्रदेशभर से यादव समाज के प्रतिनिधि एवं नागरिक शामिल होंगे और कार्यक्रम में मंत्री गजेन्द्र यादव का विधिवत स्वागत-सम्मान किया जाएगा।

# 30 करोड़ की लागत से सड़क का चौड़ीकरण, फिर भी बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

नवापारा-राजिम में 30 करोड़ रुपये की लागत से 4 किलोमीटर लंबी सड़क का चौड़ीकरण तो हो गया है, लेकिन इसका कोई खास फायदा नहीं दिख रहा है। सड़क चौड़ी होने के बजाय वाहनों की पार्किंग स्थल बन गई है, जिससे ट्रैफिक जाम और दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं।

शहर में बढ़ते ट्रैफिक के दबाव को कम करने के लिए सड़क का चौड़ीकरण किया गया था, लेकिन अब लोग अपने ट्रकों और अन्य वाहनों को सड़क पर ही खड़ा करने लगे हैं। ये वाहन कुछ घंटों के लिए नहीं, बल्कि स्थायी रूप से सड़क के किनारे खड़े रहते हैं। इससे आने-जाने वाले वाहनों को साइड लेने में काफी दिक्कत होती है और दुर्घटना का खतरा बना रहता है। रात में तो यह खतरा और भी बढ़ जाता है, क्योंकि सामने से आने वाली गाड़ियों की चकाचौंध रोशनी के बीच खड़े वाहन कई बार दिखते नहीं हैं।

### सड़क निर्माण में लापरवाही के आरोप

स्थानीय लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में ठेकेदार और अधिकारियों ने जमकर मनमानी की है। सड़क कहीं टेढ़ी, कहीं ऊंची-नीची है और डामर की परत भी तय मानक के अनुसार नहीं डाली गई है। इसके अलावा, सड़क पर न तो पर्याप्त ब्रेकर बनाए गए हैं और न ही रोड डिवाइडर का काम पूरा हुआ है। रोड डिवाइडर की खराब हालत यह है कि वे कचरा डालने और लावारिस मवेशियों के बैठने की जगह बन गए हैं। इनमें लोहे की बैरिकेडिंग और पेड़-पौधे भी नहीं लगाए गए हैं। जब इस बारे में संबंधित इंजीनियर से बात की गई तो उन्होंने कहा कि सड़क का काम पूरा हो चुका है और ठेकेदार का भी पूरा भुगतान हो गया है। रोड डिवाइडर के लिए स्वीकृत 3.5 करोड़ रुपये भी वापस चले गए हैं।

**चौड़ी होने के बजाय वाहनों का पार्किंग स्थल बना**



### चौक-चौराहों पर अव्यवस्था

शहर के चौक-चौराहों, खासकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर, हर रोज 8 से 10 बार जाम लगता है। इस चौक पर ट्रैफिक सिग्नल और ब्रेकर जैसी जरूरी सुविधाओं की कमी है, जिससे वाहनों की रफ्तार नियंत्रित नहीं होती। हाल ही में पदभार संभालने वाले नवापारा टीआई दीपेश जायसवाल ने वाहनों की तेज रफ्तार को देखते हुए पुलिस स्टॉपर लगवाए हैं, जिससे कुछ हद तक गति नियंत्रित हुई है और दुर्घटनाओं में कमी आई है। हालांकि, इस व्यस्त चौराहे पर बड़े ब्रेकर और व्यवस्थित तिराहे की सख्त जरूरत है, क्योंकि यह मार्ग रायपुर, देवभोग और ओडिशा को जोड़ता है और यहां से रोज हजारों वाहन गुजरते हैं।

### नागरिकों में नाराजगी

स्थानीय नागरिक इस बात से हैरान हैं कि 29-30 करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क की सही जानकारी क्यों नहीं दी जा रही है। उनका मानना है कि जब तक सड़क पर खड़े वाहनों की पार्किंग की समस्या का समाधान नहीं होता और ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन नहीं कराया जाता, तब तक चौड़ीकरण का कोई फायदा नहीं होगा।

## छग प्रदेश साहू संघ के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारियो के शपथ ग्रहण समारोह में जिला साहू संघ गरियाबंद के अध्यक्ष नारायण साहू, संरक्षक डा महेंद्र साहू ,रामूराम साहू, महेंद्र साहू पचपेड़ी न्याय प्रकोष्ठ संयोजक गैदलाल साहू, कोषाध्यक्ष घनश्याम साहू, कार्यालय प्रभारी अंजोर साहू, तहसील साहू संघ राजिम के अध्यक्ष रामजी साहू,विष्णु साहू, सचिव घनश्याम साहू, कोषाध्यक्ष झाड़ू राम साहू, गरियाबंद तहसील के अध्यक्ष बंशी लाल साहू, पाण्डुका परिक्षेत्र अध्यक्ष वीरेंद्र साहू, गुलाब साहू, दुलारी साहू, हेमलता साहू, श्रवण साहू, टोमन साहू, नूतन साहू, नीलकमल साहू शामिल हुए।

# गणेश चतुर्थी पर शांति समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

गणेश चतुर्थी पर्व के मद्देनजर, छुरा थाना परिसर में शांति समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। थाना प्रभारी पवन वर्मा की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में गणेशोत्सव के दौरान सुरक्षा, यातायात, साफ-सफाई और सद्भाव बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा हुई। थाना प्रभारी पवन वर्मा ने गणेश पंडालों की सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने आयोजकों से अपील की कि वे पंडालों में पर्याप्त सुरक्षा इंतजाम रखें, बिजली के कनेक्शन सुरक्षित तरीके से लगवाएं और लाउडस्पीकर की आवाज सीमा का पालन करें। उन्होंने कहा कि गणेश चतुर्थी आस्था और भाईचारे का प्रतीक है, और इसे आपसी प्रेम व सौहार्द के साथ मनाना सबकी जिम्मेदारी है। पवन वर्मा ने विशेष रूप से युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि वे त्योहार के दौरान किसी भी तरह के नशे से दूर रहें और समाज में सकारात्मक माहौल बनाने में सहयोग दें। उन्होंने स्पष्ट किया कि पुलिस की नजर असामाजिक तत्वों पर रहेगी और किसी भी अवांछित घटना को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस बैठक में वरिष्ठ नागरिक नथमल शर्मा, यशपेंद्र शाह, समद खान, दिनेश कोठरी, इस्माइल मेमन, रमेश शर्मा, सलीम मेमन, यामीन खान, पंचराम टंडन, बलराज पटेल, रामलाल दीवान, मानसिंह निषाद, देव सिन्हा नेताम, शीतल ध्रुव, अनीस सोलंकी, देवसिंह रात्रे, उज्ज्वल जैन, प्रकाश यादव, पुनितराम ठाकुर, यामिनी चंद्राकर, योगेश जांगड़े, कुलेश्वर सिन्हा, अखिल चौबे, सूजल कोठरी, प्रकार सिन्हा, विकास देवांगन, उमेश शर्मा, अविनाश पाण्डेय, पोखराज चंद्राकर सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्रों के गणेशोत्सव समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और व्यापारी वर्ग बड़ी संख्या में मौजूद थे। सभी ने मिलकर यह संकल्प लिया कि गणेश चतुर्थी का पर्व शांति, अनुशासन और सामुदायिक सौहार्द के साथ धूमधाम से मनाया जाएगा।

**आपसी सौहार्द से पर्व मनाने का आह्वान**



# हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन ने गौवंशों को पहनाए रेडियम बेल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

पोला तिहार के पावन अवसर पर, हरिहर वेलफेयर फाउंडेशन ने सड़क हादसों से गौवंशों को बचाने के लिए एक अनूठी पहल की। संस्था ने बेसहारा गौवंशों को रात में दूर से दिखने वाले रेडियम बेल्ट पहनाए। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और मवेशियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना था। फाउंडेशन के संस्थापक आशुतोष सिंह राजपूत और कोषाध्यक्ष पुष्पराज यादव ने इस दौरान ग्रामीणों से अपील की कि वे अपने पशुओं को सड़कों पर खुला न छोड़ें और उनकी देखभाल करें। संस्था का मानना है कि यह जिम्मेदारी सामूहिक रूप से निभानी चाहिए। आशुतोष सिंह राजपूत ने कहा कि गौवंश की सुरक्षा केवल सरकार या किसी एक संस्था की नहीं, बल्कि हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयासों से समाज में जागरूकता फैलाई जा सकती है, जिससे न केवल जानवरों की जान बचेगी बल्कि सड़क हादसों में होने वाले जान-माल के नुकसान को भी रोका जा सकेगा।



**सामूहिक प्रयास से रुकेंगे हादसे-** पुष्पराज यादव ने इस बात पर जोर दिया कि यदि लोग मिलकर प्रयास करें तो सड़क हादसों को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि अक्सर रात के अंधेरे में सड़कों पर बैठे या टहलते जानवर दिखाई नहीं देते, जिससे गाड़ियां उनसे टकरा जाती हैं। रेडियम बेल्ट से वाहन चालकों को दूर से ही मवेशियों की मौजूदगी का पता चल जाएगा, जिससे वे समय रहते अपनी गाड़ी की रफ्तार नियंत्रित कर सकेंगे। इस कार्यक्रम में आशुतोष सिंह राजपूत और पुष्पराज यादव के साथ जितेंद्र यादव, लोकेश यादव, अतुल शुक्ला, जीतू यादव, चिंटू यादव, भावेश महंती और अन्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से हिस्सा लिया।

**विजेताओं को सरपंच सरिता, अध्यक्ष सुरेंद्र और विशेष अतिथि भागबती ने किया सम्मानित**

# पोला तिहार पर देवरी गांव में हुई मटका फोड़ प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

ग्राम देवरी के शिव चौक में पोला तिहार के अवसर पर हेल्प यूथ क्लब ने मटका फोड़ सहित विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और त्योहार का उत्साह दोगुना कर दिया। इस आयोजन में मटका फोड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, गिलास गिराओ, फुग्गा फोड़ और फुगड़ी जैसी कई प्रतियोगिताएं शामिल थीं। विजेताओं को ग्राम पंचायत देवरी की सरपंच सरिता सुरेंद्र साहू, अध्यक्ष सुरेंद्र साहू और विशेष अतिथि भागबती साहू द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सरिता साहू ने विजेताओं व प्रतिभागियों का उत्साह बढ़ाया। उन्होंने शिव चौक में मिनी पानी टंकी, ऊंची स्ट्रीट लाइट लगाने, सड़क की मरम्मत और तालाब के गहरीकरण जैसे विकास कार्यों की घोषणा भी की। कार्यक्रम को सफल बनाने में क्लब अध्यक्ष शेषनारायण साहू, पत्रकार डोमन साहू, शिक्षक नेमू राम साहू, यू-ट्यूबर ईशु तारक और अन्य सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों और बच्चों ने सहयोग किया। कार्यक्रम के अंत में क्लब अध्यक्ष ने सभी सहयोगियों और ग्रामीणों के प्रति आभार व्यक्त किया।



**ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया**

### विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता इस प्रकार रहे

**मटका फोड़ः** यमुना साहू और चंद्रप्रकाश साहू
**कुर्सी दौड़ः** महिला वर्ग में सीमा साहू और रानू साहू, पुरुष वर्ग में चंदन साहू और चंद्रप्रकाश साहू
**जलेबी दौड़ः** पुष्पराज साहू और खिलेश्वर साहू
**गिलास गिराओः** रुद्रनारायण साहू और मेघराज तारक
**फुग्गा फोड़ः** राकेश साहू और गजेश्वर साहू
**फुगड़ीः** अदिति साहू और रेणुका साहू

### पोला पर ग्राम कन्हेरा में हुई बैल दौड़ स्पर्धा



**अभनपुर।** विकासखंड के ग्राम कन्हेरा में पारंपरिक पोला पर्व के उपलक्ष्य में बैल दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और परंपरागत उत्साह के साथ पर्व को मनाया। बैल दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय,तृतीय, चौथे एवं पांचवें स्थान आने वाले इन सभी विजेताओं को ग्राम पंचायत की ओर से प्रतीक चिन्ह व मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कन्हेरा के सरपंच भानु प्रताप साहू, ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष गैंद लाल साहू, रमेश साहू सोमन लाल साहू, यशवंत ध्रुव, पूर्व सरपंच, ग्राम कोटवार व्यास, नारायण, देवदास, कुंभकरण साहू, जोगीराम साहू, पुनाराम यादव, रामेश्वर साहू एवं गांव के वरिष्ठ नागरिक और महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

